डमरू वाले डमरू बजा

डमरू वाले डमरू बजा,
तेरे सेवक बुलाते हैं आ,
ना देरी तू लगा,
डमरुँ वाले डमरुँ बजा,
तेरे सेवक बुलाते हैं आ,
ना देरी तू लगा…..

मेरे तन मन में मेरे जीवन में,
भोले जी तुम हो समाए,
तेरे सिवा अब दुनिया में मुझको,
दूजा नहीं कुछ भी भाए,
जपूँ तेरी माला और शम्भू निराला,
पियूँ नाम के तेरे प्याले,
डमरुँ वाले डमरुँ बजा,
तेरे सेवक बुलाते हैं आ,
ना देरी तू लगा……

है प्यार तुमको भक्तो से अपने,
देरी नहीं अब लगाओ,
एक बार डमरू जोक मगन तुम,
भोले जी डम डम बजाओ,
विनय सुनलो मेरी लगाओ न देरी,
ओ शंकर सदाशिव निराले,
डमरुँ वाले डमरुँ बजा,
तेरे सेवक बुलाते हैं आ,
ना देरी तू लगा……..

सेवक हूँ मैं भी भोले तुम्हारा,
मुझको नहीं भूल जाना,
दृष्टि दया की एक बार अब तो,
हम पर भी बाबा उठाना,
खबर लो हमारी ओ भोले भंडारी,
शरण में पड़ा हूँ उठा ले,
डमरू वाले, डमरू बजा,
डमरुँ वाले डमरुँ बजा,
तेरे सेवक बुलाते हैं आ,
ना देरी तू लगा…

डमरुं वालें डमरू बजा,
तेरे सेवक बुलाते हैं आ,
ना देरी तू लगा,
डमरुँ वाले डमरुँ बजा,

तेरे सेवक बुलाते हैं आ,
ना देरी तू लगा.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28169/title/damru-wale-damru-baja

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |